दैनिक
लोकजीवन
भीलवाड़ा एवं जयपुर से प्रकाशित राज्यस्तरीय समाचार पत्र
संस्थापक - स्व. डॉ. शिवकुमार जी त्रिवेदी
■ रजि. नं. 27201/76 ■ मूल्य 2 रूपया ■ पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026
■ वर्ष 51 ■ अंक 263 ■ भीलवाड़ा ■ बुधवार 04 नवम्बर 2026 ■ कार्तिक, कृष्ण पक्ष-10, संवत् 2083 ■ कुल पृष्ठ 4

लोकजीवन
के वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए QR को स्केन करें

दीपोत्सव की धूमः बाजारों में सजी रौनक धनतेरस और दीपावली को लेकर खरीदारी हुई तेज

■ बाजारों में बनाए जा रहे स्वागत द्वार ■ मिट्टी के दीयों और उत्पादों की मांग

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

शहर में प्रकाश पर्व दीपावली और धनतेरस के आगमन को लेकर बाजारों में अभूतपूर्व उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है। आगामी 6 नवंबर को धनतेरस और 8 नवंबर को दीपावली के त्योहार को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारों की भीड़ जुटने लगी है। जगह-जगह सजावटी सामानों और दीपों की दुकानें सज चुकी हैं, जिससे पूरा शहर दीपोत्सव के रंग में रंगता नजर आ रहा है।

त्योहारों के इस उल्लास को और बढ़ाने के लिए बाजारों में विशेष तैयारियां की गई हैं। शहर के मुख्य मार्गों और व्यापारिक क्षेत्रों में आकर्षक और बड़े सजावटी स्वागत द्वार बनाए गए हैं, जो आने-जाने वाले लोगों और ग्राहकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। व्यापारियों द्वारा बाजारों को सजाने के साथ-साथ ग्राहकों के लिए भी बेहतरीन व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे पर्व की तैयारियां जोरों पर दिखाई दे रही हैं। दीपावली के पावन अवसर पर पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखने के लिए स?कों और



फुटपाथों पर कुम्हारों व स्थानीय कारीगरों द्वारा मिट्टी के दीयों के बड़े-बड़े ढेर सजाए गए हैं। इसके अलावा पूजा-पाठ की थालियां, रंग-बिरंगे गोल डिजाइन वाले सजावटी सामान और हस्तशिल्प की वस्तुएं भी लोग बड़े चाव से खरीद रहे हैं। दुकानदारों के चेहरों पर भी इस बात की खुशी साफ झलक रही है कि इस बार बाजार में अच्छा कारोबार देखने को मिल रहा है। भीलवाड़ा की दुकानों के भीतर और बाहर चमकीली व रंग-बिरंगी फूल-मालाएं, डिजाइनर झालरें और पारंपरिक बंधनवारें करीने से लटकाए गए हैं। इन दुकानों पर महिलाओं और बच्चों की खासी भीड़ उमड़ रही है, जो अपने घरों को सजाने के लिए मनपसंद सामान की खरीदारी कर रहे हैं। सुरक्षा और व्यवस्था के बीच लोग अपनी पसंद की चीजें चुनते नजर आ रहे हैं, जिससे साफ जाहिर होता है कि इस बार का दीपोत्सव शहरवासियों के लिए बेहद खास और उल्लासपूर्ण रहने वाला है।





।। षष्ठम् पुण्यस्मरण ।।

स्वर्गवास : 04 नवम्बर 2020
स्व. श्री प्रदीप जी चौधरी
(सुपुत्र : स्व. श्री ताराचन्द जी चौधरी- स्व. श्रीमती शान्ति देवी चौधरी)
की षष्ठम् पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारजन
हार्दिक श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
श्रद्धानवत : श्रीमती मंजू देवी (धर्मपत्नी), दिलीप-बेला, प्रवीण-सपना, नवीन-मीना (भ्राता-भ्राता वधु), राहुल-नेहा (पुत्र-पुत्रवधु), तापिश-गर्वी, आदिश-श्रेयल, ऋषभ-लक्षिता (भतीजा-वधु), लविश (भतीजा), अद्वैत (सुपौत्र), राया (सुपौत्री) एवं समस्त चौधरी (कासलीवाल) परिवार
फर्म : MRL Transport Pvt.Ltd.
H.O. 128-129, ट्रांसपोर्ट नगर, भीलवाड़ा मो. 9829046187, 9829045687, 9893045187, 9229178787
(इन्दौर, नागपुर, रायपुर, जयपुर, जोधपुर, अहमदाबाद, ग्वालियर, बालोतरा, पाली, इचलवरजी झरोड़, बिलासपुर, जबलपुर, उल्हासनगर)
इन्दौर ऑफिस : 5/33 महेश नगर, पंचकुईया रोड
MRL FILLING STATION (Te.-Guwardi)

विधायक कोठारी ने किया 'एक दीया गौ माता के नाम' का आह्वान, लक्ष्मी पूजन पाठे का विमोचन

भीलवाड़ा। राष्ट्रीय गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत दीपोत्सव के अवसर पर 'एक दीया गौ माता के नाम' अभियान को लेकर शहर में जनजागरण किया जा रहा है। भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने अपने कार्यालय में भरक के सरपंच एवं उपसरपंच का सद् साहित्य भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक कोठारी ने श्री लक्ष्मी पूजन के पाठे का विमोचन कर उपस्थित सभी नागरिकों को वितरित किया। विधायक कोठारी ने अयोध्या धाम से श्री रामलला के पावन संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि दीपोत्सव का पर्व केवल दीप प्रज्वलित करने का ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपराओं और सनातन मूल्यों के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने का अवसर भी है। राष्ट्रीय गौ सम्मान आवाहन अभियान के माध्यम से सभी नागरिकों से आग्रह है कि इस दीपावली पर गौ माता का पूजन कर उनके सम्मान में 'एक दीया गौ माता के नाम' अवश्य प्रज्वलित करें।उन्होंने कहा कि आने वाले त्योहारों पर 'वोकल फॉर लोकल' को



प्राथमिकता देते हुए स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें। इस अवसर पर विचार परिवार के रविंद्र जाजू, कैलाश सोमानी, भाजपा नेता भगवान सिंह चौहान, सेवानिवृत्त आर्मी ऑफिसर वी.पी. सिंह, पूर्व सरपंच महेंद्र पाल सिंह सुरास सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। विधायक कार्यालय प्रभारी बाबू लाल टाक ने राष्ट्रीय गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शहर के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक स्थलों पर संत-महात्माओं और गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में श्री लक्ष्मी पूजन के पाठे का विमोचन एवं वितरण भी किया गया।


विक्रम सिंह सोनी
राजस्थान के जाने-माने ज्योतिषाचार्य
ज्योतिष सम्बन्धित सभी समस्याओं का तुरंत निवारण सशुल्क ऑनलाईन किया जाता है।
मिलने के लिए आप 3 से 6 प्रतिदिन फोन करके पधारें।
डांगी फैक्ट्री के पीछे, सांवरिया मंदिर के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा
9509837485, 6350542648

छुट्टियों पर डिजिटल चाबुक, लेकिन 'नेट' की चाल से उलझेगी व्यवस्था!

ललित ओझा
लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सरकारी स्कूलों की निगरानी के लिए शाला दर्पण पोर्टल पर 'हॉलिडे एंट्री मॉड्यूल' शुरू कर एक नया प्रशासनिक प्रयोग किया है। मंशा साफ है-बिना कारण मनमानी छुट्टियों पर लगाम लगाना और रोजाना दोपहर 1:30 बजे तक विद्यार्थियों व शिक्षकों की रियल-टाइम उपस्थिति तय करना।

कागजों और भाषणों में यह व्यवस्था पारदर्शी और बेहद मजबूत नजर आती है, लेकिन धरातल पर इसकी राह में कई तकनीकी और व्यावहारिक कांटे हैं। यदि सर्वर डाउन होने या कनेक्टिविटी न मिलने पर कोई वैकल्पिक (ऑफलाइन/बाद में सिंक करने की) व्यवस्था नहीं की गई, तो स्कूल में मौजूद होने के बावजूद शिक्षक और बच्चे पोर्टल पर 'अनुपस्थित' या 'लापरवाह' दर्ज हो जाएंगे। राज्य सरकार को निगरानी जरूर सख्त करनी चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी उतना ही जरूरी है कि पोर्टल की तकनीकी खामियां पढ़ाई के समय पर भारी न पड़ें।



निगरानी के मोर्चे पर ठोस कदम

■ **पारदर्शिता और जवाबदेही:** अब संस्था प्रधानों को घोषित अवकाश की तारीख और उसका कारण पोर्टल पर दर्ज करना होगा, जिससे उच्चाधिकारी दफ्तर में बैठकर ही ऑनलाइन जांच कर सकेंगे।

■ **फर्जीवाड़े पर रोकः** उपस्थिति और छुट्टियों के आंकड़ों का मिलान आसान होने से कागजी रिकॉर्ड में हेरफेर और लगातार गैरहाजिर रहने वाले कार्मिकों-विद्यार्थियों की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

जमीनी हकीकतः डेटा एंट्री बनाम पढ़ाई

■ **इंटरनेट और बिजली का संकटः** सुदूर ग्रामीण इलाकों में आज भी इंटरनेट कनेक्टिविटी और बिजली की आपूर्ति राम भरोसे है। ऐसे में रोजाना दोपहर 1:30 बजे की सख्त डेडलाइन का पालन करना संस्था प्रधानों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा।

■ **शिक्षण कार्य पर असर :** रोजाना निर्धारित समय सीमा में डेटा फीड करने की हड़बड़ी में शिक्षकों का ध्यान पढ़ाई से हटकर पोर्टल संभालने में ही लगा रहेगा।

WorthyTech SOLUTIONS
DIWALI Offer
GROW ONLINE THIS FESTIVE SEASON
FREE Google Business Profile Setup with any website
Book before 11 November
Websites · E-commerce · Mobile Apps · Digital Marketing
CALL / WHATSAPP +91 99823 76430
www.worthytechsolutions.com
worthytechsolutions@gmail.com
G-3, G-4, G-5, Ganpati Complex, Pur Road, Bhilwara – 311001

सी. के. एस. हॉस्पिटल्स, जयपुर और नाहर हेल्थ केयर सेंटर, भीलवाड़ा द्वारा
नियमित परामर्श सेवाएं
आपके शहर भीलवाड़ा में


डॉ. राहुल नाहर
ENT & Head Neck Surgery
MBBS, MS ENT & Head Neck Surgeon Sleep Apnea and Snoring Specialist

डॉ. सुश्रुत कालरा
Plastic, Hand & Cosmetic Surgeon
MBBS, MS (General Surgery), MCh (Plastic & ReconstructiveSurgery), Fellowship in Hand Surgery and Breast Reconstruction (Coimbatore), UK), Fellowship in Cosmetic Surgery (Cadogan Clinic, UK), Ex faculty SMS hospital jaipur.

डॉ. अरुण आर्य श्योराण
Medical Gastroenterologist
MBBS, MD (General Medicine), Dr. NB (Medical Gastroenterology)
समय : सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक
स्थानः- नाहर स्वचायर सेवा सदन रोड, एपेक्स डायग्नोस्टिक सेंटर सेकंड फ्लोर, सेवा सदन स्कूल के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान - 311001
प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को
Book An Appointment : 94622 39072, 9784024973
RHGS, CGHS, ECHS, ESIC, Indian Railway, Chiranjeevi & All TPS'S
CKSHospitals CKSHospitals www.ckshospitals.com
CKS Hospitals98A, Sikar Rd, Vishwakarma Industrial Area, Jaipur



DR. APURVA'S COSMO DENT CARE
SKIN | HAIR | LASER | DENTAL
अब भीलवाड़ा में नियमित सेवाएं

डॉ. प्रियांश जैन
MBBS, M.D. (SKIN & VD) (BHU VARANASI)
पूर्व चिकित्सक अरिहन्त अस्पताल
रजि. हेतु सम्पर्क - 90247-23534
रविवार अवकाश
चर्म रोग, एलर्जी रोग एवं यौन रोग विषेशज्ञ

समय - प्रातः 10 AM से 3 PM, पता- ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा
समय - सायं: 5 PM से 8PM
पता- पुर रोड़, पांसल चौराहा, भीलवाड़ा

डॉ. अपूर्वा धोका (जैन)
BDS, MDS ENDODONTIST (INDORE)
(Root Canal Specialist)
रजि. हेतु सम्पर्क - 76655-91929
अब अहमदाबाद जैसी सुविधाएं भीलवाड़ा जिले में पहली बार
रूट केनाल ट्रीटमेन्ट (RCT) के लिए बार-बार सिटिंग की जरूरत नहीं, अब एक सिटिंग में ही पाएं एडवांस टेक्नोलॉजी द्वारा सर्वोत्तम दर्द रहित उपचार

Expert in • Single Sitting Rotary RCT
• अत्याधुनिक मशीन द्वारा दाँतों की नसों का दर्द रहित इलाज
• फिक्स दाँत लगाना • लेजर द्वारा दाँतों में मसाला भरना
• इम्प्लान्ट • बच्चों के दाँतों का इलाज • सिस्ट एवं ट्यूमर का ऑपरेशन • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • पायरिया का इलाज
समय - प्रातः 10 AM से 7 PM रविवार - 10 AM से 2 PM
पता– ग्राउण्ड फ्लोर, सुराणा टॉवर, रामस्नेही अस्पताल के सामने, भीलवाड़ा



राजस्थान का नं. 1 कोरियर सर्विस
DTDC Delivering Values
(M.) 94133-54317
PUSHPAK COURIER
सम्पूर्ण भारत में डाक एवं पार्सल की उत्तम सुविधा उपलब्ध हैं।
दुकान नं. 10, सदर बाजार, स्टेशन रोड, लक्ष्मण जनरल स्टोर के सामने, (मिर्ची वाले काबराजी की दुकान मेन मार्केट), भीलवाड़ा

तकनीक के बीच आस्था की अनूठी मिसाल

डिजिटल दौर में सिमटी खाता-बही दीपावली पर आज भी कायम है परंपरा

नई पीढ़ी भी निभा रही है विरासत

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

आधुनिक तकनीक और डिजिटल युग ने व्यापारिक कामकाज के तौर-तरीके भले ही पूरी तरह बदल दिए हों, लेकिन संस्कृति और परंपराओं की जड़ें आज भी उतनी ही गहरी हैं। एक समय था जब व्यापार का संपूर्ण लेखा-जोखा कागजों के पन्नों पर दर्ज होता था। किससे कितना लेना है, किसे कितना देना है और किस पार्टी का कितना बकाया है-इन सबका हिसाब पारंपरिक खाता-बही में संभालकर रखा जाता था। वक्त के साथ तकनीक आगे बढ़ी और मोबाइल, कंप्यूटर तथा विभिन्न सॉफ्टवेयर ने इन पुराने बहीखातों की जगह ले ली। इसके बावजूद, दीपावली के पावन पर्व पर भीलवाड़ा समेत पूरे राजस्थान के बाजारों में खाता-बही की खरीद और इसकी पूजा की परंपरा आज भी पूरी शिद्दत के साथ कायम है।

आज के इस दौर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कॉर्पोरेट जगत में डिजिटल बहीखातों का बोलबाला है। एक क्लिक पर सालभर का हिसाब मिल जाता है। बावजूद इसके, दीपावली के दिन बहीखाता खरीदने और उस पर रोली से शुभ-लाभ लिखकर नए साल के हिसाब की शुरुआत करने की परंपरा आज भी जीवित है। शहर के प्रमुख बाजारों में दीपावली से पहले लाल कपड़े में लिपटी इन खाता-बही को खरीदने के लिए व्यापारियों



की खासी भीड़ देखने को मिलती है।वरिष्ठ व्यापारियों का कहना है कि तकनीक कितनी भी आगे क्यों न बढ़ जाए, लेकिन हाथ से लिखे गए पहले पन्ने की जो पवित्रता है, उसका मुकाबला डिजिटल एक्सेल शीट नहीं कर सकती। यही वजह है कि आज की युवा पीढ़ी भी अपने बुजुर्गों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए इस परंपरा को पूरी श्रद्धा से आगे बढ़ा रही है। दीपावली की रात महालक्ष्मी पूजन के साथ नए बहीखातों का पूजन व्यापार में बरकत और सफलता का प्रतीक माना जाता है। डिजिटल दौर की रफ्तार के बीच खाता-बही की यह परंपरा इस बात का प्रमाण है कि आधुनिकता चाहे जितनी भी तरक्की कर ले, हमारी सांस्कृतिक आस्थाएं और परंपराएं हमारे व्यापारिक और सामाजिक जीवन का आधार बनी रहेंगी।

न्यूज इन बाक्स

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के मंच पर पत्रकार खान का सम्मान



भीलवाड़ा। सेवा सदन रोड पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों की मीटिंग में वरिष्ठ पत्रकार शहजाद खान का अभिनंदन किया गया। खान ने कहा कि इस देश का हिंदू वर्ग बहुसंख्यक समाज अगर मुस्लिम समुदाय को अपना छोटा भाई मानकर गले लगाता है तो फिर भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता। खान ने कहा कि जिन संगठनों को मुस्लिम विरोधी और कट्टर हिंदुत्ववादी कहा जाता है आज उनके बीच में बैठकर एहसास हुआ कि राष्ट्रवाद के नाम पर भारत में कहीं भी कोई मतभेद नहीं है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की इंडिया हेल्थ लाइन के जिला अध्यक्ष त्रिलोक वर्मा, प्रांतीय महामंत्री व जिला अध्यक्ष गोपाल साहू, जिला महामंत्री रामदेव बेरवा, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष पूरणमल और राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर उपस्थित थे।

जायंट्स संकल्प की 2027 की कविता अध्यक्ष



भीलवाड़ा। जायंट्स संकल्प ग्रुप के बोर्ड की पूर्व अध्यक्ष आभा जाजू ने आज वर्ष 2027 की कार्यकारिणी की घोषणा की। इसके अध्यक्ष पद के लिए कविता जैन, प्रशासनिक निदेशक के लिए आभा जैन, वित्त निदेशक मधु जैन को चुना गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष आभा जाजू का वर्ष भर किए गए सामाजिक कार्यों के लिए स्वागत किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष कविता जैन ने विश्वास दिलाया कि आगामी वर्ष में पीडित मानव की सेवा में और अधिक काम करेंगे। इस अवसर पर अंशु जैन, पवन जीरावाला व संतोष जागेटिया भी उपस्थित थे।

कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन के पोरवाल बने अध्यक्ष



भीलवाड़ा । जिले के कोटड़ी तहसील माहेश्वरी युवा संगठन में नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर बड़लियास में चुनाव हुए। चुनाव में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। श्रेयांश पोरवाल बड़लियास को अध्यक्ष एवं अमित पोरवाल गेंदलिया को मंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी राजेंद्र पोरवाल तथा सहायक चुनाव अधिकारी जगदीश कास्ट एवं रामकृष्ण पोरवाल ने चुनाव प्रक्रिया करवाई। नवगठित कार्यकारिणी में अंशुल बांगड़ गेता पारोली एवं विकास काबरा पारोली को उपाध्यक्ष, लिटिल काबरा को कोषाध्यक्ष, जिला प्रतिनिधि के रूप में अंशुल काबरा, नवरतन पोरवाल एवं राजेश काबरा बनाए गए।

इंडिया हेल्थ लाइन की जिला कार्यकारिणी घोषित



भीलवाड़ा । अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की इंडिया हेल्थ लाइन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें जिलाध्यक्ष त्रिलोक वर्मा को बनाया गया। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के हिंदू हेल्थ लाइन प्रदेश महामंत्री व जिला अध्यक्ष गोपाल साहू, जिला महामंत्री रामदेव बैरवा एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रितेश गुर्जर के नेतृत्व में बैठक हुई। संगठन के विस्तार, समाजसेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की गई। इंडिया हेल्थ लाइन की नवीन जिला कार्यकारिणी में हेमंत सिंह जिला महामंत्री,अनिल पारीक जिला मंत्री, सुरेश कुमार योगी जिला उपाध्यक्ष, देवेश त्यागी जिला उपाध्यक्ष तथा पूरणमल को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। राम लक्ष्मण तेली को राष्ट्रीय व्यापार परिषद् का जिला महामंत्री बनाया। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद् जिला उपाध्यक्ष धनराज बैरवा, राष्ट्रीय व्यापार परिषद् जिला अध्यक्ष विमल सिंह चौहान, इंडिया हेल्थ लाइन महेंद्र सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

महापौर और उपमहापौर के सामने पार्षद आचार्य ने उठाई जनसमस्याएं



भीलवाड़ा । नगर निगम महापौर जसवंत कंवर व उप महापौर राधेश्याम सोमानी ने वार्ड नं. 32 में सिविल लाइन का दौरा कर वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पार्षद हेमराज आचार्य एवं वार्डवासियों ने महापौर एवं उपमहापौर का माला व तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। पार्षद आचार्य ने महापौर को वार्ड की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए यूआईटी विस्तार में चंबल पाइपलाइन डलवाकर पेयजल संकट के स्थायी समाधान का आग्रह किया। सीसी रोड व नालियां बनाने की मांग की। वार्डवासियों ने भी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का आश्वासन दिया। पार्षद हेमराज आचार्य ने उम्मीद जताई कि महापौर के दौरे के बाद वार्ड की पेयजल एवं सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। वार्डवासियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

धूल और पेंट के केमिकल नुकसानदायी

दीपावली की सफाई चमका रही है घर, पर बिगाड़ रही है सेहत

अस्पतालों में बढ़े एलर्जी व सांस के मरीज

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



रोशनी और उमंग के पर्व दीपावली की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है, लेकिन घरों की चमक-दमक बढ़ाने वाला साफ-सफाई का यह दौर शहरवासियों की सेहत पर भारी पड़ने लगा है। साल भर से बंद पड़े कमरों, जालों और कबाड़ की सफाई के दौरान उड़ने वाला धूल का गुबार और रंग-रोगन से उठने वाली रासायनिक गंध लोगों के लिए बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गई है।

अस्पतालों की ओपीडी में एलर्जी, खांसी और सांस फूलने की शिकायतों के साथ मरीजों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। महात्मा गांधी व टीबी अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, त्योहारी सफाई अभियान शुरू होने के बाद से अस्पतालों में आने वाले मरीजों की संख्या में 30 से 40 प्रतिशत तक का उछाल आया है। इनमें सबसे अधिक मरीज आंखों में जलन, लगातार छींकें और सूखी खांसी से पीड़ित हैं। बीमारी का मुख्य कारण साल भर जमा धूल-मिट्टी के बारीक कण, जालों में पनपने वाले फंगल स्पोर्स और डस्ट माइट्स (सूक्ष्म जीव) सांस के जरिए सीधे फेफड़ों तक पहुंच रहे हैं। इससे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और गंभीर एलर्जी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सिर्फ धूल ही नहीं, बल्कि घरों में हो रहे पेंट, डिस्टेंपर और वार्निश से निकलने वाली तीखी गंध (केमिकल फ्यूम्स) भी सांस की नलियों में सूजन पैदा कर रही है, जिससे सिरदर्द और सांस फूलने जैसी समस्याएं उभर रही हैं। त्योहार की खुशियों के बीच सेहत को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। चिकित्सक कुछ विशेष सावधानियां बरतने की सलाह देते हैं जैसे कि सफाई या झाड़-पोंछ करते समय मुंह और नाक पर हमेशा एन-95 या डबल लेयर सूती मास्क पहनें। धूल उड़ाने के बजाय गीले कपड़े, मॉप (पोंछा) या वैक्यूम क्लीनर का इस्तेमाल करें। पंखे या छत के जाले साफ करते समय चश्मा लगाएं और सिर को ढककर रखें। सफाई के तुरंत बाद कपड़े बदलें और गुनगुने पानी से स्नान करें। यदि सांस लेने में तकलीफ या सीने में जकड़न जैसी समस्या गंभीर हो, तो मेडिकल स्टोर से खुद दवा लेने के बजाय किसी विशेषज्ञ चिकित्सक से तुरंत परामर्श लें।

गौभक्त चितवन व्यास सनातन हिन्दू एकता रथ यात्रा के प्रदेश संयोजक बने

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में 2027 में राजस्थान में हिन्दू एकता रथ यात्रा निकलेगी। इसका प्रदेश संयोजक गौ भक्त, समाजसेवी एवं विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष चितवन व्यास (गुड्ड् भैया) को बनाया गया है। गौ भक्त चितवन व्यास ने गत दिनों बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री द्वारा मध्यप्रदेश में निकाली पांच दिवसीय हिन्दू एकता रथ यात्रा में भी राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया था। वे लगातार यात्रा में पं.शास्त्री के साथ रहे थे। दक्षिण राजस्थान से प्रारंभ होने वाली हिन्दू एकता रथ यात्रा को लेकर व्यास ने भीलवाड़ा, उदयपुर, चितौड़गढ़ तथा जिले में दौरा कर सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया। उनसे हिन्दू एकता रथ यात्रा कार्यक्रम में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया था।

सांसद अग्रवाल ने रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य में देरी पर दिल्ली में उठाई आवाज



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने नई दिल्ली में रेलवे की स्थायी समिति की बैठक में रामधाम के यहाँ स्वीकृत नए रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण में हो रहे विलंब पर पुरजोर तरीके से आवाज उठाई। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए चेयरमैन, रेलवे बोर्ड सहित उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को भीलवाड़ा के आमजन के लिए अतिमहत्वपूर्ण आरओबी की समस्त औपचारिकता पूर्ण कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का पुरजोर आग्रह किया सांसद अग्रवाल ने रेलवे स्थायी समिति की बैठक में भीलवाड़ा लोक सभा क्षेत्र में प्रमुख रूप से नाथद्वारा-गंगापुर-बनेडा-शाहपुरा- केकड़ी-जयपुर, मांडलगढ़-भीलवाड़ा- मॉडल-आसिंद-ब्यावर, नसीराबाद-केकड़ी-देवली- शक्करगढ़-जलिंदरी नए रेल मार्ग स्वीकृत करने का मुद्दा भी उठाया। अग्रवाल ने कहा कि शीघ्र ही कार्य योजना प्रारंभ करें ताकि आमजन को सुविधा का लाभ मिल सके।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज के विजेताओं को सड़क सुरक्षा ज्ञान दीप सम्मान

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



अन्तर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब की भीलवाड़ा जिला शाखा द्वारा स्थानीय कावा खेड़ा बास्केटबॉल स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा क्विज आयोजित की गई।

क्लब के राष्ट्रीय महासचिव अनिता डॉ अशोक सोडाणी ने अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि बास्केटबॉल अर्जुन अवार्डेड खिलाड़ी सुरेन्द्र कटारिया थे। कावाखेड़ा स्पोर्ट्स ग्राउंड संचालक एवं बास्केटबॉल के वरिष्ठ प्रशिक्षक विजय बाबेल विशिष्ट अतिथि थे। क्लब के भीलवाड़ा जिला शिक्षा सचिव एवं प्रतियोगिता संयोजक डॉ भागचन्द सोमानी ने विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों से प्रश्न पूछे। सही जवाब देने वाले पच्चीस खिलाड़ियों को सड़क सुरक्षा ज्ञान दीप सम्मान सर्टिफिकेट व पुरस्कार दिए गए। वरिष्ठ पत्रकार ललित ओझा को राष्ट्रीय स्तर पर सड़क सुरक्षा जन जागृति भूषण सम्मान भेंट कर उनका अभिनन्दन किया गया। क्लब के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक सोडाणी ने कहा कि क्लब द्वारा स्व.मृणाल राठी की स्मृति में वर्ष 2026 को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। एक लाख से अधिक स्कूल के बच्चों, कालेज के युवाओं एवं वयस्क जनों को विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा चुका। पीटीआई कमल कुमार भाटिया एवं वीरेंद्र गुलिया के निर्देशन में खिलाड़ियों ने शो मैच में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने पर खिलाड़ियों करिश्मा मीणा, मनप्रीत कौर, पूजा मीणा, हर्षिता राठौड़ को रामजस सोडाणी स्मृति प्रतिभा सम्मान भेंट किया गया। आभार डॉ भागचन्द सोमानी ने व्यक्त किया।

सातों विधानसभा क्षेत्रों में बौद्धिक चिंतन संवाद एवं पदयात्राएं निकलेगी



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भाजपा जिला संगठन के तत्वाधावन भाजपा जिला कार्यालय पर लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की बैठक जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में हुई। सातों विधानसभा क्षेत्रों में बौद्धिक चिंतन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पदयात्रा निकाली जाएगी जो जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। पदयात्रा में बुद्धिजीवी वर्ग,पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता जागरूकता पेदा करने के लिए तख्तियां, झंडियां, बैनर लेकर आमजन में प्रभावी ढंग से जागरूकता पैदा करेंगे।

मीडिया संयोजक महावीर समदानी के अनुसार जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि 15 दिनों में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत एस आई आर के बारे में विपक्ष द्वारा फेलाई जा रही अफवाहों से जनता को अवगत कराया जाएगा। विद्यालय, कॉलेज, हॉस्टल के विद्यार्थियों के साथ संपर्क कर संवाद किया जाएगा। बैठक में जिला स्तरीय अभियान टोली के संयोजक मांडल विधायक उदयलाल भडाना ने बताया कि भाजपा सरकार एवं मोदी सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं को आम जनता के बीच ले जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

महापौर जसवंत कवर ने बताया कि सोशल मीडिया में जिनके फॉलोअर्स ज्यादा है उनसे संपर्क कर अपनी बात रखी जाएगी। जिला स्तरीय अभियान टोली के जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, अनिल दाधीच, उपमहापौर राधेश्याम सोमानी, कल्पेश चौधरी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, ललित अग्रवाल, हरीश भट्ट, रोशन मेघवंशी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्वस्थ जीवनशैली का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली



लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वस्थ जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय भीलवाड़ा पर साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

सीओ स्काउट विनोद घारू ने बताया कि साइकिल रैली सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भीलवाड़ा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों से गुजरती हुई महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुलिस लाइन, भीलवाड़ा में संपन्न हुई। रैली को जिला वन अधिकारी मारिया शाइन ए.ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रैली में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर्स एवं सर्विस रोवर्स ने सहभागिता की। संचालन साइकिल मैन एवं स्काउट अध्यापक मुकेश कुमावत ने किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट के हेमेंद्र कुमार सोनी, सुरेश चंद शर्मा, स्काउट सचिव बनेड़ा आयुष्य सैनी, स्काउट सह सचिव भीलवाड़ा शिव प्रसाद धोबी, गुलाब सिंह चौहान, सौरभ शर्मा, संदीप, राकेश, अमर ज्योति, सरोज शर्मा एवं संगीता व्यास सहित स्काउट पदाधिकारी एवं सर्विस रोवर्स उपस्थित रहे।

खटीक समाज के 13वें सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर 82 जोड़ो का पंजीयन, छूटी बोलियां

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



श्री शिव मंडल खटीक समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे 13वें सामूहिक विवाह सम्मेलन 20नवम्बर को लेकर समाज बंधुओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल बना हुआ है। सम्मेलन को लेकर अब तक कुल 82 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है।

इनके साथ ही तुलसी विवाह का आयोजन भी किया जाएगा। अध्यक्ष बंशीलाल पटेल ने बताया कि इसी कड़ी में मंगलवार शाम 5 बजे सामूहिक विवाह समिति द्वारा उपस्थित समाज जनों के समक्ष विभिन्न धार्मिक बोलियां छोड़ी गईं, जिसमें समाज के दानदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री तुलसी माता की मुख्य बोली 22,001 रुपये में शिवराम देवकिशन पटेल निवासी - दादाबाड़ी ने अपने नाम की। वहीं, श्री ठाकुर जी की बोली 11,500 रुपये में ताराचंद चुन्नीलाल बाछड़ा निवासी दादाबाड़ी,द्वारा बोली गई। इसके अलावा, सम्मेलन व्यवस्था के तहत पत्तल दोना उठाने की बोली 21,000 रुपये में चुन्नीलाल कैलाजी सुईल निवासी प्रेम नगर ने ली। सम्मेलन में घोड़ों की बोलियों के तहत प्रथम घोड़े की बोली 11,000 रुपये में श्यामलाल घीसा चावला निवासी दादाबाड़ी, द्वितीय घोड़े की बोली 6,500 रुपये में राधेश्याम चतुर्भुज डीडवानिया निवासी दादाबाड़ी, तृतीय घोड़े की बोली 6,100 रुपये में ज्ञानमल मंगनी राम पटेल निवासी दादाबाड़ी तथा चतुर्थ घोड़े की बोली 5,700 रुपये में दुलीचंद नानूराम खोईवाल निवासी सांगानेर कॉलोनी ने प्राप्त की। बोलियां छूटने के बाद सभी दानदाताओं का समाज की ओर से अभिनंदन किया गया।

लक्ष्मीपुरा स्कूल के 45 बच्चों को बांटे स्वेटर, दी स्वास्थ्य जानकारी

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा, द्वारा गांव गोद योजना के अंतर्गत गोद लिए गए राजकीय विद्यालय, लक्ष्मीपुरा में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर उस समय खुशी छा गई जब उन्हें ठंड से बचाव के लिए स्वेटर और पठन-पाठन के लिए कलर भेंट किए गए। कार्यक्रम में अरुण सोनी के परिवार की तरफ से विद्यालय के सभी 45 विद्यार्थियों को स्वेटर एवं कलर उपलब्ध कराए गए। खास बात यह है कि अरुण सोनी का परिवार पिछले 11 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों की हर जरूरत के मुताबिक अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करता आ रहा है। बच्चों और विद्यालय की शिक्षिका मधु शर्मा ने भारत विकास परिषद के माध्यम से मिले इस स्नेह और अरुण सोनी परिवार के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। इस सेवा कार्यक्रम के साथ फिट इंडिया फिट भीलवाड़ा मूवमेंट के तहत सभी बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक सिकी हुई खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही, बच्चों को स्टिकर उपलब्ध कराकर फिट इंडिया के 10 प्रमुख उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। शाखा सचिव केजी सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद भवन पर योग शिविर, काढ़ा वितरण, और 35 जरूरतमंद मरीजों को डायबिटिक दवाइयों का वितरण किया गया। फिजियोथैरेपी क्लीनिक में डॉ. वर्षा काबरा द्वारा 2 रोगियों को तथा एक्यूप्रेशर सेवा के अंतर्गत बालकृष्ण पारीक द्वारा 5 मरीजों को सेवाएं दी गईं। इन सभी कार्यों में जगदीश काबरा, अतुल शाह और बालकिशन पारीक का विशेष सहयोग रहा।

5 हजार लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज 250 किलो खराब मावा करवाया नष्ट

गणेश उद्योग और श्री गणेश ऑयल पर कार्रवाई

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा





चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की खाद्य सुरक्षा टीमों ने जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन कार्रवाई की। टीम ने शहर में स्थित गणेश उद्योग का निरीक्षण कर वहां से 3000 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज किया। इसी प्रकार अजमेर रोड स्थित श्री गणेश ऑयल से 2000 लीटर रिफाइंड सोयाबीन ऑयल सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। दोनों प्रतिष्ठानों से खाद्य तेल के नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला अजमेर भेजे गए हैं। इसी तरह बनेड़ा ब्लॉक के ग्राम कासोरिया स्थित मावा प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान करीब 250 किलोग्राम खराब एवं अनुपयोगी मावा पाया गया, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट करवाया। साथ ही संबंधित फर्म को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुधार के लिए नोटिस जारी किया गया। टीम द्वारा शाम की सब्जी मण्डी वार्ड नम्बर 31 में श्री फूड्स का निरीक्षण कर मैदा का नमूना लेकर जांच के लिए भिजवाया। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी पवन कुमार रेगर, साक्षी जैन, विजय मेहता, नीरज मीणा एवं संजय वर्मा, कुलदीप चैधरी, अंकित शर्मा सहित अन्य जांच अधिकारी मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि देर रात टीम ने मेसर्स भोज फूड प्रोडक्ट, बाडी, तहसील रायपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर लगभग 250 किलोग्राम मावा नष्ट करवाया गया। कार्रवाई के दौरान ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायपुर डॉ. अभिनव मीणा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव मौजूद रहे।

पेच के बालाजी मंदिर में अन्नकूट 10 को, 31 हजार किलो सब्जी और 72 कट्टे चावल का लगेगा भोग

■ 100 हलवाई बनाएंगे महाप्रसाद ■ मंदिर में तैयारियां अंतिम चरण में

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



शहर के बालाजी मार्केट स्थित प्रसिद्ध पेच के बालाजी मंदिर में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में आगामी 10 नवंबर को भव्य अन्नकूट महोत्सव धूमधाम व श्रद्धापूर्वक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष पंचांग के अनुसार दो अमावस्या होने के चलते दीपावली के दो दिन बाद अन्नकूट महोत्सव का आयोजन रखा गया है।

महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर सहित पूरे क्षेत्र में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल कुमार मानसिंहका ने बताया कि वल्लभ संप्रदाय की प्रधान पीठ श्रीनाथजी (नाथद्वारा) की परंपरा की तर्ज पर श्री हनुमान जी महाराज के सम्मुख चावल का गिरिराज स्वरूप भोग धराया जाएगा। इसके लिए 41 कट्टे चावल व 31 कट्टे अन्य चावल मिलाकर कुल 72 कट्टे चावल का विशेष प्रसाद तैयार किया जा रहा है। शाम 6 बजे महाआरती के बाद भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण शुरू होगा, जो देर रात तक निरंतर चलेगा।

31 हजार किलो सब्जी, मिट्टी की भट्टियों पर पकेगा भोग

महाप्रसाद तैयार करने के लिए व्यापक स्तर पर पारंपरिक व्यवस्थाएं की गई हैं। लगभग 31 हजार किलो मौसमी सब्जियों का उपयोग होगा, जिन्हें भीलवाड़ा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से मंगवाया जा रहा है। प्रसाद पकाने के लिए गोबर एवं पीली मिट्टी से विशेष पारंपरिक भट्टियां तैयार की जा रही हैं, जिन पर लकड़ियों से प्रसाद पकेगा। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार गैस भट्टियों का भी उपयोग होगा।

150 लोगों की टीम संभालेगी मोर्चा, रोशनी से जगमगाया मंदिर

अन्नकूट की पूर्व रात्रि से ही सब्जी काटने के काम में लगभग 50 सेवादारों की टीम जुट जाएगी। वहीं महाप्रसाद पकाने के लिए 100 कुशल हलवाइयों का दल कमान संभालेगा। बालाजी मार्केट एसोसिएशन के सहयोग से पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया है। भीड़ नियंत्रण व शांति व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग लिया गया है। मंदिर के महंत पंडित आशुतोष शर्मा ने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन व प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

मंगरोप में हजरत मलंग शाह बाबा और बारह इमाम उर्स संपन्न

भीलवाड़ा। मंगरोप क्षेत्र में हजरत मलंग शाह बाबा और हजरत बारह इमाम तकिया शरीफ मंगरोप का तीन दिवसीय उर्स मुबारक 1 नवंबर से 3 नवंबर तक हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उर्स के दौरान कुल की रस्म के समय देश में अमन, शांति और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई, जिसमें सभी धर्मों के जायरीन ने पूरी अकीदत के साथ फूल पेश किए। इस मुबारक मौके पर मलंग युनूस अली बाबा, भंडारी बाबा कोशीथल, हाजी अब्दुल हमीद शाह, दरगाह दीवान तकिया मंगरोप व तकिया दांथल सलीम बाबा (जमाल अली शाई), सरवाड़ शरीफ के शाही नौबत वाले शुफी इकरामूदीन शाह और गेंडुला पीर के गद्दीनशीन अनवर बाबा सहित कई शख्सियतों ने शिरकत की। अन्य शुफी हजरतों ने भी अकीदत के फूल अर्पित किए। दरगाह सदर इमरान मंसूरी और कमेटी के सभी सदस्यों ने आए हुए अतिथियों व जायरीनों का स्वागत किया। उर्स के दौरान कौमी एकता की अनूठी मिसाल पेश की गई तथा देश की खुशहाली के लिए कामना करते हुए बाबा का विशाल भंडारा आयोजित किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक सम्पादक मुद्रक कैलाश त्रिवेदी द्वारा लोकजीवन मीडिया एण्ड पब्लिशर्स, नागौरी गार्डन भीलवाड़ा से मुद्रित एवं 207-214 नागौरी गार्डन, लोकजीवन कॉम्पलेक्स, भीलवाड़ा से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा ही होगा। आर.एन.आई. नं. 27201/76 पोस्टल रजि. नं. भीलवाड़ा/103/2024-2026, (मो.) 83067-92625 फोन नं. 355985, जयपुर कार्यालय : D-38, प्रधान पथ, चौमू हाउस, सी स्कीम, जयपुर फोन : 0141-4038281, E-mail : lokjeewan@gmail.com

आज का विचार

विभागीय लापरवाही व प्रशासन की अनदेखी से बड़ा हादसा होने पर नींद तो उड़ती है लेकिन कई निर्दोष लोग हादसे के शिकार हो मौत की गोद में चले जाते है। **शिवकुमार त्रिवेदी चिंतन सरिता**

दैनिक लोकजीवन

11 केवी लाइन हादसा - 8 मरे ...

कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही शासन-प्रशासन की आंखे खुलती है अन्यथा सरकारी विभाग मांगों को अटकाने लटकाने में माहिर है। मांग कर रहे लोगों के सामने ऐसी परेशानी बता देते है जिसका निदान आसान नहीं होता। यहां तक कि विभागीय स्तर पर प्रयास हो तब भी आसानी से समाधान नहीं होता। ऐसे वक्त पर महसूस होता है कि प्रशासन आम जनता की सुविधा के लिए न कि प्रशासन के लिए प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होती है कि जैसे भी हो आमजन को राहत पहुंचाई जाय। न कि आमजन की मांग पर आंखें मूंदकर बैठा जाय। आज दुनिया चांद पर बसने की तैयारी कर रही है लेकिन प्रदेश में ऐसा गांव है। जहां न सड़क है और न ही मोबाइल नेट वर्क। इस गांव के लिए कोई सरकार ही नहीं है। झुन्झूनू का छापोली गांव जहां कदम कुंड धार्मिक आस्था के साथ प्राकृतिक सुन्दरा के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां प्राकृतिक कुंड में कदम के पेड़ों की जड़ों से पानी आता है परिसर में भगवान शिवर और दुर्गा माता सहित कई देवी देवताओं के मंदिर है। सावन के चार महिनों में यहां श्रद्धालुओं की सबसे अधिक आवाजाही रहती है बारिश में पहाड़ियों से गिरते झरने और प्राकृति जल धाराएं पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसके बावजूद सड़क, मोबाइल नेटवर्क का अभाव है कोई हादसा हो जाय तो अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों को फोन करने के लिए बाईक से हाई तक जाना पड़ता है।

उदयपुरवाटी के छापोली ग्राम में सड़क निर्माण के दौरान मिक्सर मशीन 11 केवी लाइन को छू गई। मशीन में करंट उतरने से 8 श्रमिकों की मौत हो गई तथा 5 गंभीर रूप से घायल हो गये। डेढ़ किलो मीटर के लिंक मार्ग के लिए गांव वाले 5 वर्ष से जिला प्रशसन के चक्कर लगा रहे है। प्रशासन का कहना है वन विभाग की जमीन है इसलिए यहां सड़क नहीं बन सकती। इसके बाद ग्रामवासियों ने चंदा एकत्र कर सड़क निर्माण करा रहे थे। हालांकि 8 लोगों की मोत के 3 घंटे में ही अफसरों ने सड़क नोटिफाई करते हुए मंजूरी दे दी। हादसे में बड़ी लापरवाही बिजली विभाग की रही। शिफ्टिंग के दौरान पोल को ढलाने पर लगा दिया। ऐसे में 11 केवी लाइन नीचे की ओर लटक गई और मिक्सर टकरा गया। नियमानुसार लाइन की ऊंचाई 19 फिट होनी चाहिए जबकि मौके पर 13 फिट ही थी फिर ऑटो कट सिस्टम फेल हो गया। करंट उतरने के बाद भी जीएसएस में बिजली बंद नहीं हुई। गांव वालों ने फोन किया तो किसी कर्मचारी ने नहीं उठाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक व्यक्त किया। मृतकों व घायलों को आर्थिक सहायता की घोषणा की। आवश्यकता इस बात की है कि छापोली हादसे को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग सभी क्षेत्रों में निगरानी तंत्र को मजबूत करें ताकि ऐसे हादसे की पुनरावृति न होने पाये।

कड़वी घूंट -सूरज

फिर तो लाईन लग गई ...

जब तक दरवाजा बंद होता है कोई भी अनुशासन तोड़ने की कोशिश नहीं काता। बल्कि बंद दरवाजे की मर्यादा का पालन करता है उसे मालुम है कि दरवाजा सभी के लिए बंद है लेकिन किसी भी वजह से एक के लिए दरवाजा खोल दिया जाय तो फिर दरवाजा खोलने का सिलसिला चालू हो जाता है और लाइन लग जाती है।

विपरित इसके सरकारी विभागों में नौकरियों का रास्ता बंद करके, ठेके पर काम करवाने की प्रक्रिया अपनाई जाती है ताकि स्थाई नौकरी से जुड़े लाभ व सुरक्षा भी नहीं देनी पड़े और विभाग का काम भी कम खर्च में चलता रहे। यदि कोई अधिकारी किसी को उपकृत करने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र दे दे तो यहीं प्रमाण पत्र नौकरी का आधार बन जाता है।

हां जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय के 58 ठेकाकर्मी अपने अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में नोकरी का केस जीत कर आ गये। 29 साल से भर्ती नहीं हुई लेकिन अदालती आदेश से 167 ठेकाकर्मियों को नौकरी मिल गई तो 60 और इसी रास्ते नोकरी पाने की जुगत में है। 2020 में तत्कालीन रजिस्ट्रार प्रो. शर्मा की ओर से एक ठेकाकर्मी को अनुभव प्रमाण पत्र जारी किए जाने के बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा हाईकोर्ट के आदेश पर तीन की नौकरी लगने के बाद सिलसिला अब तक जारी है। अब यह आप जानो कि एक को मौका दे दिया तो बाकी लोगों को तो नौकरी पाने का रास्ता मिल गया।

हुरड़ा के नवनियुक्त सरपंच गजराज जाट ने किया अवलोकन

तकनीक और कला का दिखा संगम : विवेकानंद केंद्र विद्यालय हुरड़ा में एड्यूस्पेक्ट्रम प्रदर्शनी आयोजित

550 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, आरएसडब्ल्यूएम प्रमुख बाहेडिया ने किया शुभारंभ

लोकजीवन न्यूज सर्विस, गुलाबपुरा

जिले के गुलाबपुरा के निकटवर्ती हुरडा ग्राम में स्थित शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अंतर्गत संचालित विवेकानंद केंद्र विद्यालय, हुरड़ा में मंगलवार को एड्यूस्पेक्ट्रम प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड के बिजनेस हेड नरेश बहेडिया ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।एव विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एन. के. बहेड्या ने फीता काटकर प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित इस प्रदर्शनी में कक्षा 3 से 12 तक के 550 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन विद्यालय के शूटिंग रूम से शुरू हुआ, जहां विद्यार्थियों ने राइफल शूटिंग के वैज्ञानिक सिद्धांतों को मॉडल के जरिए समझाया। इसके बाद अतिथियों ने



गणित लैब, रोबोटिक्स लैब और आर्ट गैलरी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में विद्यालय स्टाफ, अभिभावक मौजूद रहे।

रोबोटिक्स लैब में दिखा भविष्य का भारत

आर्डिनो बेस्ड ऑटोमेटिक फायर अलार्म सिस्टम - तापमान सेंसर से आग का पता लगाकर अलार्म बजाने वाला मॉडल. लाइन फॉलोवर रोबोट और हाइड्रोलिक रोबोटिक आर्म - सेंसर और हाइड्रोलिक प्रेशर से चलने वाला हाथ ः स्मार्ट ट्रैफिक लाइट सिस्टम और ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट - रष्ठ सेंसर पर आधारित, सोलर पावर्ड वाटर इरिगेशन सिस्टम - किसानों के लिए स्वचालित सिंचाई मॉडल

विज्ञान और गणित में नवाचार -प्रार्थना सभागार में विद्यार्थियों ने चंद्रयान-3 लैंडिंग मॉडल, सोलर सिस्टम का वर्किंग मॉडल, ह्यूमन हार्ट का पंपिंग सिस्टम, पाइथागोरस थ्योरम का प्रैक्टिकल प्रूफ, वाटर हार्वेस्टिंग और ड्रोन टेक्नोलॉजी के मॉडल प्रस्तुत किए। वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने जीएसटी, बैंकिंग सिस्टम और स्टॉक मार्केट के चार्ट मॉडल से आर्थिक अवधारणाओं को सरलता से समझाया। पुस्तकालय में लगे एसडीजी (सतत विकास लक्ष्य) मॉडलों में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक वेस्ट से बायो फ्यूल, क्लाइमेट चेंज, स्वच्छ जल और सौर ऊर्जा जैसे 17 लक्ष्यों पर आधारित प्रोजेक्ट दिखाए। नर्सरी ब्लॉक में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के बच्चों ने ट्रैफिक सिग्नल, कंप्यूटर, सौरमंडल और फलों-सब्जियों के मॉडल बनाए। इस दौरान मुख्य अतिथि बाहेडिया एक बच्चे से पूछा - बेटा कंप्यूटर क्या काम आता है? बच्चे ने तुरंत जवाब दिया - कंप्यूटर से पढ़ाई होती है, गेम खेलते हैं और पूरी दुनिया देख सकते हैं। मासूमियत भरा जवाब सुनकर सभी अतिथि भावुक हो गए।

जवाहर नवोदय के विशेषज्ञों ने किया मूल्यांकन

निर्णायक मंडल के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय, के जसराज बालोटिया (पीजीटी अंग्रेजी) और श्रीमती राखी कुलश्रेष्ठ (पीजीटी बायोलॉजी) ने मॉडलों का तकनीकी मूल्यांकन किया। उन्होंने प्रेजेंटेशन, वैज्ञानिक सोच और व्यावहारिक उपयोगिता के आधार पर अंक दिए और विद्यार्थियों से ॅस[ेश्न भी पूछे।

पूर्व छात्र और नवनिर्वाचित सरपंच जाट ने किया भावुक उद्बोधन

विद्यालय के पूर्व छात्र और हुरड़ा ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच गजराज जाट ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा - मैं भी इसी विद्यालय का छात्र रहा हूं, आज यहां आकर मेरे बचपन की यादें ताजा हो गईं। सरपंच बनने के बाद मेरा पहला कर्तव्य है कि विद्यालय के विकास में ग्राम पंचायत हर संभव सहयोग करेगी। इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्या श्रीमती आशा गोयल के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

प्रधानाचार्या बोलीं - शिक्षा पुस्तक तक सीमित नहीं

प्रधानाचार्या आशा गोयल ने कहा, एड्यूस्पेक्ट्रम का उद्देश्य रटने की प्रवृत्ति को खत्म कर करके सीखो की भावना विकसित करना है। जब बच्चा खुद मॉडल बनाता है तो उसमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन और आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने सभी शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। अंत में मुख्य अतिथि नरेश बाहेडिया ने फीडबैक में कहा क्षेत्र के बच्चों में इतनी तकनीकी समझ देखकर गर्व हो रहा है। यह प्रदर्शनी नई शिक्षा नीति (NEP-2020) के कौशल विकास और नवाचार के लक्ष्य को सार्थक करती है।

एबीआरएसएम की बैठक : जिला महिला संगोष्ठी की तैयारियों पर हुआ मंथन



शाहपुरा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) राजस्थान की जिला बैठक वीर माता मानिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा में आयोजित की गई। यह बैठक संघ के संभाग संगठन मंत्री महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और सानिध्य में संपन्न हुई। जिला मंत्री अमर सिंह चौहान ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी 15 नवंबर 2026 को होने वाली जिला महिला संगोष्ठी की तैयारियों को अंतिम रूप देना था। संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्ययोजना और महिला पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिले से अधिकाधिक महिला शिक्षिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिला महिला संगठन मंत्री चंदा सुवालका ने संगठन के विस्तार, महिला शिक्षिकाओं को जोड़ने तथा उनकी शैक्षिक एवं सामाजिक भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा जगत में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। जिला महिला मंत्री शांति धाभाई ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और संगोष्ठी को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। बैठक में जिला संयुक्त मंत्री प्रिया सोनी, खंड महिला मंत्री नयनबाला सोमानी, सावित्री नामा, पुखराज सेन, जिला उपाध्यक्ष शिवचरण शर्मा, जिला सचिव मुकेश कुमावत, नवरत्न मल बगडिया, पंकज सोनगरा और राकेश सोनी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने आगामी संगोष्ठी को पूरी तन्मयता से सफल बनाने का संकल्प लिया।

सदर बाजार की सड़क पर सियासत का पेचवर्क जनता के हिस्से में फिर धूल और गढढ्ढे !

14 लाख का टेंडर और वर्कऑर्डर जारी, फिर काम रोकने का फरमान किसका?

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

शहर की धड़कन कहे जाने वाले सदर बाजार की सड़क बदहाल है। जनता परेशान है और व्यापारी रोजाना मुश्किलों से जूझ रहे हैं, लेकिन अधिकारियों के पास शायद इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं है। करीब 14 लाख रुपए का टेंडर जारी हो चुका है और ठेकेदार को वर्कऑर्डर भी सौंपा जा चुका है। सरकारी कागजों में सड़क सुधारने की तैयारी पूरी है, लेकिन जमीन पर काम शुरू होने के बजाय राजनीतिक और प्रशासनिक पेच फंसते जा रहे हैं।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस काम के लिए नगर पालिका ने टेंडर जारी किया, उसी काम को आगे बढ़ाने में अड़चनें क्यों आ रही हैं? वर्कऑर्डर जारी करने वाले अधिकारी ही यदि काम रुकवाने की स्थिति में हैं, तो जनता किससे उम्मीद करे? क्या किसी ऊपरी राजनीतिक निर्देश का इंतजार है, या फिर सड़क की मरम्मत भी अब राजनीतिक सहमति और श्रेय की मोहताज हो गई है? यदि काम नहीं कराना है, तो टेंडर निरस्त कर देना चाहिए।

विगत रात्रि सदर बाजार में पेचवर्क को लेकर जो कुछ हुआ, उसने पूरे मामले को और दिलचस्प बना दिया। लाख जतन के बाद सड़क पर कुछ जगह पेचवर्क कराने की कवायद हुई। मौके पर लोगों की मौजूदगी रही और माहौल ऐसा बनाया गया, मानो शाहपुरा की



सड़क समस्या का ऐतिहासिक समाधान हो गया हो। सोशल मीडिया पर भी वाहवाही बटोरने का दौर चला। लेकिन, असली परीक्षा तो अगली सुबह हुई। जब बाजार के दुकानदारों और आम नागरिकों ने सड़क को देखा, तो उत्साह की जगह निराशा हाथ लगी। कितने गढडों भरे गए और कितने जस के तस छोड़ दिए गए, इसका जवाब सड़क खुद दे रही है।

सदर बाजार की बदहाली का एक बड़ा कारण पीएचईडी द्वारा की गई खुदाई भी है। पेयजल लाइन के काम के दौरान सड़क को खोदा गया, लेकिन काम पूरा होने के बाद सड़क को जिस गुणवत्ता के साथ वापस दुरुस्त किया जाना चाहिए था, वह नजर नहीं आ रहा। सवाल यह है कि खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत की गुणवत्ता की जांच किसने की? क्या विभागों के बीच जिम्मेदारी भी सड़क के गढडों की तरह एक-दूसरे को सौंप दी गई है?

नगर पालिका चुनाव संपन्न हो चुके हैं और अब उम्मीद थी कि बुनियादी मुद्दों पर काम होगा। लेकिन सदर बाजार की सड़क को देखकर लगता है कि विकास से ज्यादा श्रेय लेने की हो? महत्वपूर्ण हो गई है। प्रशासन के आला अधिकारियों तक कई ज्ञापन पहुंच चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। इस बार शाहपुरा की दीपावली खास है, लेकिन सदर बाजार की क्षतिग्रस्त सड़क लोगों की परेशानी का कारण बनी रहेगी। त्योहार पर बाजार में भीड़ बढ़ेगी और दोपहिया वाहन चालक गढडों से बचेंगे, तो पैदल चलने वालों को धूल का सामना करना पड़ेगा।

प्रशासन को तत्काल स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। यदि टेंडर वैध है, तो ठेकेदार से काम शुरू करवाया जाए। पीएचईडी द्वारा की गई खुदाई और सड़क की मरम्मत की जांच हो। जनता ने जनप्रतिनिधियों को समस्याओं के समाधान के लिए चुना है, न कि तस्वीरें खिंचवाने के लिए। अब देखना यह है कि दीपावली से पहले सड़क सुधरती है या शहरवासी गढड़ों के बीच ही रामा-श्यामा करेंगे।

उप निदेशक डॉ. पांचाल ने पशुपतिनाथ गौशाला का किया निरीक्षण

लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा

उपशुपालन विभाग के उप निदेशक डॉ. दिलीप पांचाल के नेतृत्व में पशु चिकित्सकों की एक विशेष टीम ने शाहपुरा स्थित श्री पशुपतिनाथ गौशाला का औचक निरीक्षण किया। लगभग 125 वर्ष पुरानी यह गौशाला क्षेत्र की सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित संस्थाओं में से एक है, जहां वर्तमान में लगभग 300 गोवंश का पालन-पोषण किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने गौशाला परिसर में चारे के खाद्य भंडारण, पेयजल व्यवस्था और समग्र स्वच्छता का बारीक अवलोकन किया। साथ ही गोवंश के स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत बीमार एवं घायल



पशुओं के समुचित उपचार तथा बछड़ों व गायों के समयबद्ध टीकाकरण के लिए गौशाला प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य और बेहतर पोषण को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से निःशुल्क मिनरल मिक्सचर के पैकेट्स भी वितरित किए गए। उप निदेशक डॉ. पांचाल ने बताया कि पशु चिकित्सालय द्वारा गौशालाओं का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है।

इसका मुख्य उद्देश्य गोवंश का कल्याण, उनके स्वास्थ्य की देखभाल, चारे-पानी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा सरकारी अनुदान व नियमों के सही पालन की जांच करना है। उन्होंने दोहराया कि पशुपालन विभाग क्षेत्र के गोवंश के स्वास्थ्य के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जल्द ही क्षेत्र की अन्य गौशालाओं का भी इसी प्रकार निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर पशु चिकित्सा उप निदेशक डॉ. दिलीप पांचाल, गंगाधर, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्रवीर सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी सुरेश जैन, पशुधन निरीक्षक घनश्याम धाकड़, गौशाला प्रबंधक माधव, गोवंश सहायक हेमराज, मुरली, तेजू, नारायण, चंदा देवी तथा घिसी बाई सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रमुख शासन सचिव देथा ने संभागीय चालक प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण

बिजयनगर। प्रमुख शासन सचिव परिवहन भवानी सिंह देथा ने राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित संभागीय चालक प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा कर निरीक्षण किया। प्रमुख शासन सचिव देथा ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में कुशल व प्रशिक्षित चालक की आवश्यकता जताई।

संभागीय चालक प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण कर पूरे इन्फ्रास्ट्रक्चर का नये व पुराने चालकों का अपडेट जानकारी के लिए चालक प्रशिक्षण केन्द्र की आवश्यकता बताई। देथा ने हल्के व भारी वाहनों के लिए प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों में प्रयुक्त प्रशिक्षण कक्षों का अवलोकन किया। संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु चालकों से संवाद कर प्रशिक्षण की जानकारी ली। संस्थान निदेशक ऋतु चौहान ने बताया कि 34 हजार चालकों को



निशुल्क प्रशिक्षण श्री राम सेवा संकल्प के तहत दिया जा चुका है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार की जनसहभागिता योजना के अंतर्गत संभाग स्तर का देश का पहला रीजनल ड्राइविग ट्रेनिंग सेंटर के उप केन्द्र प्रदेश में स्थापित किए गए हैं। संस्थान निदेशक ऋतु चौहान ने सचिव देथा से संस्थान को सरकारी मान्याताओ, आवश्यकता से अवगत करवाया तथा संस्थान को नये आयामों की प्रस्तावित रुप रेखा पर आवश्यकता जताई। संस्थान को इस दौरान संस्थान के निदेशक विजय कुमार, अजमेर परिवहन अधिकारी सुमन भाटी सहित अन्य संस्थान के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर राजनैतिक पार्टियों से चर्चा 6 को

भीलवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार अर्हता दिनांक 1 जनवरी, 2027 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक पार्टियों से चर्चा हेतु 6 नवंबर को अपराहन 4 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक आयोजित होगी।

वर्क लगी मिठाई खाकर बीमारियों को न्यौता न दें

भीलवाड़ा। दीपावली व अन्य त्योंहारों तथा शाढी विवाह समारोहों में वर्क लगी मिठाई खाकर बीमारियों को न्योता न दें। वर्क लगी कोई भी सामग्री को खाकर मांसाहारी बनने के साथ-साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को न्योता दिया जा रहा है। पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि मिठाई पर लगाया जाने वाला वर्क जानवरों की ताजा खाल के बीच चांदी व एल्युमिनियम रखकर पीट-पीटकर बनाया जाता है। यह वर्क पूर्ण रूप से मांसाहारी है।

पिछले वर्षों में नमूना जांच के दौरान चांदी के वर्क के सेम्पल में 85 प्रतिषत तक लोहा पाया गया था। राजस्थान में चांदी के वर्क की सालाना मांग 30 से 40 टन है जबकि षुद्ध चांदी के वर्क की सप्लाई करीब डेढ़ टन ही है। जाजू ने आगे बताया कि बाजार में उपलब्ध वर्क जहरीले होने के साथ-साथ लीवर, किडनी सहित कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां देने वाला भी होता है। वर्क में सीसा, ॅशियम, निकल तथा केडियम जैसी धातुएं मिली होती है। जब ऐसी धातुएं शरीर के खाद्य पदार्थ के रूप में जाएगी तो निश्चित ही कैंसर का कारण बनेगी। जाजू ने आगे कहा कि जैन समाज के कुछ जागरूक लोग इस बात को जानते हैं व कई वर्षों से वर्क का बहिष्कार कर उपयोग नहीं कर रहे हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5217

आम सूचना

एतद द्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 23,24, 36 की साईज 65x133 = 960.56 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती सरोज छाबड़ा पत्नि तिलोकचन्द छाबड़ा इनके द्वारा पंजीकृत वसीयत के आधार पर श्री सौरभ छाबड़ा पुत्र तिलोकचन्द छाबड़ा द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 36 साईज 50x69 = 383.33 का नामान्तरण चाहा है।

श्री सौरभ छाबड़ा पुत्र तिलोकचन्द छाबड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू.उ.प./1151/2026/ Rajkaj दिनांक : 02.11.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती यशवन्त जैन पत्नी निर्मल कुमार सुतरिया निवासी भीलवाड़ा द्वारा ग्राम पांसल की आराजी नं. 3597-3599 में स्थित भूखण्ड संख्या A-03 क्षेत्रफल 26849 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन B में भू-उपयोग मिश्रित उपयोग दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का व्यावसायिक उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5210

आम सूचना

एतदद्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 28 से 32 की साईज 95x133 = 1403.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड इनके द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 30 साईज 35x64 = 248.89 का नामान्तरण चाहा है।

लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5214

आम सूचना

एतदद्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 25 से 27, 33 से 35 की साईज 90x133 = 1330.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड इनके द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 33 साईज 39x69 = 299.00 का नामान्तरण चाहा है।

लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5215

आम सूचना

एतदद्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 25 से 27, 33 से 35 की साईज 90x133 = 1330.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड इनके द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 34 साईज 39x69 = 299.00 का नामान्तरण चाहा है।

लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू.उ.प./1112/2026/ Rajkaj दिनांक : 03.11.2026

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शान्ति मीणा पत्नी बन्ना लाल मीणा निवासी भीलवाड़ा द्वारा ग्राम पांसल की आराजी न. 2658 में स्थित भूखण्ड संख्या 41 क्षेत्रफल 92.90 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन B में भू-उपयोग मिश्रित उपयोग दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का व्यावसायिक उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5212

आम सूचना

एतदद्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 28 से 32 की साईज 95x133 = 1403.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड इनके द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 31 साईज 44x69 = 337.33 का नामान्तरण चाहा है।

लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5213

आम सूचना

एतदद्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 28 से 32 की साईज 95x133 = 1403.88 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड इनके द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 32 साईज 39x69 = 299.00 का नामान्तरण चाहा है।

लाईफ श्योर कन्सलटेन्सी प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/5216

आम सूचना

एतदद्वारा श्री बालु, नानु, मोहन पिता किशना बलाई के मु.आम श्री छोटू लाल सोनी पुत्र बद्री लाल सोनी राजस्व ग्राम हरणीखुर्द की आराजी 202 से 207 गैर योजना में कृषि भूखण्ड संख्या 25 से 27, 33 से 35 की साईज 90x133 = 1330.00 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा किया गया।

उक्त भूखण्ड श्रीमती सरोज छाबड़ा पत्नि तिलोकचन्द छाबड़ा इनके द्वारा पंजीकृत वसीयत के आधार पर श्री सौरभ छाबड़ा पुत्र तिलोकचन्द छाबड़ा द्वारा उपविभाजन कर भुखण्ड संख्या 35 साईज 39x69 = 299.00 का नामान्तरण चाहा है।

श्री सौरभ छाबड़ा पुत्र तिलोकचन्द छाबड़ा द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतू न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

अमेरिकी चुनाव में डेमाक्रेटिक पार्टी की सुनामी, संसद पर कब्जा ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को देशभर में करारी हार

लोकजीवन न्यूज नेटवर्क, वॉशिंगटन

अमेरिकी मिडटर्म चुनाव नतीजों के रुझान काफी हद तक साफ हो गए हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में बहुमत मिल गया है और सीनेट में भी उसकी सीटें बढ़ रही हैं। यानी अब दोनों सदनों का नियंत्रण रिपब्लिकन पार्टी से डेमोक्रेट के पास चला जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए अपना गुस्सा निकाला है। साथ ही ये भी कहा है कि वह हार स्वीकार करते हैं और डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी को हार मिली है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट में बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 218 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। कंसास में डेमोक्रेटिक पार्टी ने करीब 100 साल बाद चुनाव जीता है। आखिरी बार 1932 में यहां से कोई डेमोक्रेट सीनेटर चुना गया था।



फिलहाल हाउस और सीनेट में डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के पास बहुमत है। चुनाव से ये स्थिति बदलने यानी डेमोक्रेट्स को बहुमत मिलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप के लिए चीजें आसान नहीं होंगी। विधायी एजेंडे और कांग्रेस की जांच से लेकर तीसरी बार महाभियोग (इम्पीचमेंट) की संभावना तक पांच ऐसी मुश्किल हैं, जिनका सामना अब अमेरिकी राष्ट्रपति को करना पड़ सकता है।

इन चुनाव नतीजों से डोनाल्ड ट्रंप के लिए निकला एक बड़ा डर महाभियोग का है। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप पर दो बार महाभियोग चलाया जा चुका है। डेमोक्रेट्स के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बहुमत आने से तीसरी बार महाभियोग की स्थिति बन सकती है। ऐसा हुआ तो ट्रंप के लिए यह बड़ा झटका होगा।

हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में बहुमत पाए डेमोक्रेट्स डोनाल्ड ट्रंप, उनके प्रशासन के लोगों और परिवार के व्यावसायिक लेन-देन की संसदीय जांचों पर बढ़ सकते हैं। ट्रंप के परिवार पर वित्तीय गड़बड़ी के आरोप विपक्षी लगाते रहे हैं। हाउस में बहुमत मिलने से डेमोक्रेट्स को सदन की समितियों का नियंत्रण मिल जाएगा, जिससे जांच के रास्ते खुल जाएंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने विधायी एजेंडे को बढ़ाने में काफी दिलचस्पी दिखाई है। हाउस पर नियंत्रण मिलने से डेमोक्रेट्स के पास यह तय करने की शक्ति होगी कि किन विधेयकों पर मतदान होगा। वे रिपब्लिकन समर्थित प्रस्ताव रोक सकेंगे। यानी अब ट्रंप के लिए अपने विधायी (लेजिसलेटिव) एजेंडे को आगे बढ़ाना आसान नही होने जा रहा है।

डेमोक्रेट्स को बहुमत मिलने से ट्रंप को एक बड़ा झटका ये लगेगा कि उनके लिए अपने पसंदीदा संघीय न्यायाधीशों, सुप्रीम कोर्ट के जजों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की नियुक्ति करना मुश्किल हो जाएगा। इन सभी नामांकनों के लिए सीनेट की मंजूरी जरूरी है और डेमोक्रेट जब चाहेंगे, तब इन नियुक्तियों पर अड़ंगा लगा देंगे।मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी की हार एक तरह से डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) की तरह है। इससे ये संदेश जाता है कि उनकी लोकप्रियता घट रही है। यह रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के विरोधियों का हौसला बढ़ाएगा। यानी उनको ना सिर्फ सदन बल्कि अपनी पार्टी में भी मुश्किल का सामना करना पड़ेगा।

खुद को नायाब तहसीलदार बताकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से 74 हजार की ठगी

भीलवाड़ा। आसींद में साइबर ठगों ने अब सरकारी अधिकारियों की पहचान का सहारा लेकर ठगी का नया और शातिर तरीका अपना लिया है। खुद को नायाब तहसीलदार बताकर एक ठग ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला कंवर को अपने जाल में फंसाया और खिलौने व अन्य सामग्री खरीदने के नाम पर उनके बैंक खाते से करीब 74 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़िता सुशीला कंवर ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उनके पास एक फोन आया था, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को नायाब तहसीलदार बताया और आंगनबाड़ी केंद्र के लिए खिलौने व अन्य सामग्री उपलब्ध करवाने की बात कही। आरोपी ने विश्वास में लेने के बाद बैंक खाता नंबर और मोबाइल नंबर की जानकारी हासिल की। इसके बाद उसने खाते में पहले 10 रुपये ट्रांसफर करने का झांसा दिया और मोबाइल पर ओके का बटन दबाने को कहा। सुशीला के ओके का बटन दबाते ही उनका मोबाइल हैंग हो गया और कुछ ही देर में उनके बैंक खाते से दो बार में करीब 74 हजार रुपये निकल गए। ठगी का यह मामला तब और चौंकाने वाला हो गया जब पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी अज्ञात लोगों ने फोन कर आंगनबाड़ी केंद्र के वीडियो और फोटो मांगे थे, जिससे आरोपियों ने पूरी योजना के तहत विश्वास कायम किया था। घटना के बाद पीड़िता ने आसींद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाने के साथ ही ऑनलाइन साइबर पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है। आसींद थाना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर बिना सत्यापन के ऑनलाइन भुगतान न करें और ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें।

मालोला रोड पर मिला अज्ञात युवक का शव, शिनाख्त में जुटी पुलिस

भीलवाड़ा। मालोला रोड पर मंगलवार रात उस समय सनसनी फैल गई, जब भौम सिंह हाड़ा के मकान वाली गली में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सड़क पर शव मिलने की सूचना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया। जानकारी के अनुसार, 3 नवंबर की रात करीब 9 बजे गली में एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला था। इलाके के लोगों की सूचना पर गांधी नगर थाने से हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। हालांकि, मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज या पहचान संबंधी सामग्री नहीं मिली जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। मौके पर पहुंचे चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष है, जिसने पीली शर्ट और क्रीम रंग की पैंट पहन रखी थी तथा उसके दाहिने हाथ व पैर में काला रेशमी धागा बंधा हुआ था। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर उसकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। अज्ञात युवक का इस तरह गली में शव मिलना और पहचान न होना पुलिस के लिए एक गुत्थी बना हुआ है। मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शिनाख्त और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

मकान से सोने के आभूषण व मोबाइल चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 20 पुराने मामले दर्ज

भीलवाड़ा। शहर में चोरी और नकबजनी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए गांधीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मकान में घुसकर सोने के आभूषण और मोबाइल चोरी करने के मामले में एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। थाना प्रभारी पुष्पा कासोटिया के अनुसार, परिवादिया गीता देवी तेली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 सितंबर की रात करीब 1.30 बजे बदमाश उनके मकान में घुस आए और वीवो कंपनी के दो मोबाइल, सोने की चेन व दो अंगूठियां चोरी कर ले गए। वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सागर रामायण के निर्देश पर विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

कमला हत्याकांडः रवि तापड़िया व हीरा सिंधी को कोर्ट ने भेजा जेल

तीसरे आरोपी को पहले ही भेजा जा चुका है जेल

लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा



बहुचर्चित कमला कांकरिया हत्याकांड में भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी की टीम ने सात दिन का पुलिस रिमांड समाप्त होने पर मुख्य आरोपी रवि तापड़िया और उसके साथी हीरा सिंधी को अदालत में पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पुलिस इस मामले के तीसरे आरोपी आर्यन उर्फ चूचा को पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है और अब मुख्य आरोपी रवि तापड़िया के भतीजे एवं मुख्य सहयोगी फरार चौथे आरोपी कालू तापड़िया की सरगर्मी से तलाश कर रही है। इसके लिए एक पुलिस टीम एसपी के निर्देश पर मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुई है। कालू की गिरफ्तारी के बाद हत्याकांड की कई और गुत्थियां सुलझने की संभावना है। उधर इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी रवि तापड़िया ने पुलिस पूछताछ में रोंगटे खड़े कर देने वाले खुलासे किए हैं।


सुभाषनगर स्थित बड़ी पुलिया के पास प्रथम मंजिल मकान की छत पर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए पूरी तैयारी के साथ छत पर ही महिला का अंतिम संस्कार करने की नाकाम साजिश रची। तापड़िया ने खुलासा किया कि कमला देवी के शव को पहले कंबल में लपेटा गया और पूरे कंबल को पेट्रोल से भिगो दिया गया। इसके बाद छत पर सवा क्विंटल लकड़ियां एकत्र कर चिता तैयार की गई। आरोपी ने हवन सामग्री, घी और एक पूरा पीपा पेट्रोल छिड़ककर शव को आग के हवाले कर दिया। करीब ढाई घंटे तक शव छत पर दहकता रहा और इस खौफनाक मंजर के दौरान आरोपी रवि खुद हाथ में लाठी लेकर लकड़ियों को कुरेदता रहा और कपाल क्रिया की तर्ज पर सिर के हिस्से में बार-बार घी व पेट्रोल डालता रहा। आरोपियों के बयान पुलिस को लगातार भ्रमित करते रहे। हत्या करने, राख ठंडी होने के बाद हड्डियों और जले कोयले को बोरियों में भरकर कोठारी नदी तथा पांडु नाले में फेंकने की बात कबूल की गई है।

मांडल थाने से महज 50 फीट दूर सांवरिया सेठ मंदिर से दिनदहाड़े चांदी के आभूषण चोरी

भीलवाड़ा। मांडल कस्बे में चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्होंने भगवान के दरबार को भी नहीं छोड़ा। थाने के पीछे स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में एक शातिर चोर ने पहले पूजा-अर्चना का नाटक किया और फिर दिनदहाड़े भगवान के मुकुट, बांसुरी और चांदी के कड़े चुराकर रफूचक्कर हो गया।

दोपहर के समय एक अज्ञात व्यक्ति काली शर्ट, टोपी और पीठ पर बैग लटकाए मंदिर में दाखिल हुआ। उसने पहले भगवान की परिक्रमा की, हाथ जोड़कर धोक लगाई और फिर बड़ी चालाकी से भगवान का मुकुट, बांसुरी, हाथों के 8 चांदी के कड़े और पैरों के 2 कड़े उतार लिए। दोपहर करीब 3 बजकर 2 मिनट पर वह बेखौफ मंदिर से निकल गया। चोरी गए आभूषणों की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। शाम को जब पुजारी मंदिर खोलने पहुँचे तो आभूषण गायब मिले, जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। सूचना मिलने पर मांडल पुलिस मौके पर पहुँची और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाने के इतनी नजदीक स्थित मंदिर में इस तरह की दुस्साहसिक चोरी पुलिस गश्त पर बड़े सवाल खड़े करती है। श्रद्धालु जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी की मांग कर रहे हैं।

हजारों रुपए से भरा पर्स लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल



भीलवाड़ा। आज के दौर में जहां खोई हुई वस्तु मिलने की उम्मीद कम ही की जाती है, वहीं रायपुर निवासी किशन खटीक ने ईमानदारी और मानवीय संवेदना का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए सड़क पर मिला हजारों रुपये की नकदी और जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स उसके वास्तविक मालिक को सुरक्षित लौटा दिया। जानकारी के अनुसार, 3 नवंबर को रायपुर निवासी मदन कुमावत पुत्र भेरूलाल कुमावत का पर्स कहीं रास्ते में गुम हो गया था, जिसमें हजारों रुपये नकद के साथ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी रखे हुए थे. यह पर्स किशन खटीक को मिला, तो उन्होंने उसमें मौजूद दस्तावेजों पर लिखे नाम के आधार पर उसके मालिक का पता लगाने का प्रयास किया. इसके बाद किशन खटीक ने मदन कुमावत से संपर्क कर पर्स मिलने की सूचना दी और उन्हें बुलाकर पर्स सकुशल वापस सौंप दिया. नकदी और जरूरी दस्तावेज सुरक्षित मिलने पर पर्स मालिक ने राहत महसूस की। किशन खटीक के इस सराहनीय कार्य ने समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण रखा है. उनका यह कदम साबित करता है कि आज भी समाज में ऐसे लोग मौजूद हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों की परेशानी को समझते हैं और सही काम को प्राथमिकता देते हैं।

सड़क हादसों में महिला समेत बाइक सवार की दर्दनाक मौत

भीलवाड़ा। जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला सहित दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक घटना में महिला गांव जाने के लिए सड़क किनारे खड़ी होकर पति का इंतजार कर रही थी, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे कुचल दिया, वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार अधेड़ को कार ने टक्कर मार दी।

पहला हादसा बनेड़ा थाना क्षेत्र के पायरा-बरण मार्ग पर हुआ, जहां सुल्तानगढ़ निवासी रामूदेवी (39) प%ी गोपाल गाडरी की मौत हो गई। बनेड़ा थाने के दीवान सुभाष के अनुसार, रामूदेवी पायरा गांव से अपने गांव सुल्तानगढ़ जाने के लिए सड़क किनारे खड़े होकर अपने पति गोपाल का इंतजार कर रही थी जो बाइक लेकर उसे लेने आने वाला था। इसी दौरान एक अल्टो कार ने उसे टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला को बनेड़ा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।दूसरी घटना फुलियाकलां थाना क्षेत्र के सरसुंदरा चौराहे पर हुई, जहां कार की टक्करसे डोई का खेड़ा निवासी सोनाथ बैरवा (58) की मौके पर ही मौत हो गई। सोनाथ मंगलवार दोपहर बाइक पर कनेछनकलां से अपने गांव लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि उनकी घटनास्थल पर ही सांसे थम गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं तथा फरार वाहन चालकों की तलाश शुरू कर दी है।

रायला में नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को 3 वर्ष का कारावास, 2,5000 रुपये का जुर्माना

भीलवाड़ा। रायला थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के एक गंभीर मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाते हुए आरोपी कमलेन्द्र सिंह को तीन वर्ष के कठोर कारावास और 2,5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण के अनुसार, 5 अक्टूबर 2025 को परिवादी ने रायला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 अक्टूबर को जब वह खेत पर गया था और उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी, तब अभियुक्त कमलेन्द्र सिंह घर में घुस आया और गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और गवाहों के बयान दर्ज किए।अनुसंधान में अपराध प्रमाणित पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायालय में विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने पीड़िता की पैरवी करते हुए 8 गवाह और 17 दस्तावेज प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष के पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश श्रीमती रेखा वधवा ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम और छेड़छाड़ की धाराओं में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। न्यायालय का यह फैसला नाबालिग से जुड़े अपराधों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने और अपराधियों में कानून का खौफ पैदा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

'यादों की सन्ध्या' का हुआ आयोजन

प्राज्ञ पब्लिक स्कूल ने मनाया स्वर्ण जयंती समारोह



लोकजीवन न्यूज सर्विस, बिजयनगर

श्री प्राज्ञ पब्लिक स्कूल ने स्थापना के 50 गौरवशाली वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए विद्यालय ने पूरे वर्ष चलने वाले स्वर्ण जयंती समारोह (1976-2026) का शुभारंभ किया।

समारोह की इस श्रृंखला पहली कड़ी बनी विद्यालय की तीसरी एलुमनी मीट, जिसमें बैच 2017-2020 के पूर्व विद्यार्थियों का अपने पुराने स्कूल परिसर में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक मंजीत सिंह ने मार्गदर्शन दिया। शिक्षकों ने अनुशासन से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे, जिनके जवाब पूर्व छात्रों ने बीते पलों को याद करते हुए बड़े ही शानदार अंदाज़ में दिए।समारोह का सबसे यादगार पल वह रहा जब पूर्व छात्रों ने दोस्ती पर गीत गुनगुनाया और पुरानी मित्रता की मिसाल पेश की। इसके बाद हुई नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साह से भर दिया।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह स्वर्ण जयंती केवल 50 वर्षों की गिनती नहीं, बल्कि ज्ञान, मूल्यों और उपलब्धियों की विरासत का जश्न है। अन्य सभी बैचों की एलुमनी मीट की तिथियों की घोषणा शीघ्र की जाएगी । इस आयोजन ने आगामी समारोहों के लिए एक ऊँचा मानक स्थापित कर दिया है।इस दौरान प्राज्ञ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ नवल सिंह जैन सहित प्राज्ञ पब्लिक स्कूल में शिक्षा अर्जित कर चुके छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

बकरी के लिए चारा लेने पेड़ पर चढ़ा बुजुर्ग नीचे गिरा, अस्पताल में तोड़ा दम

भीलवाड़ा। जिले के सोलबीघा गांव में एक हृदयविदारक हादसे में 64 वर्षीय बुजुर्ग की पेड़ से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पूरे गांव में शोक की लहर छा गई है। जानकारी के अनुसार, सोलबीघा निवासी रामेश्वर सुवालका (64) पुत्र नंदलाल सुवालका रोजाना की तरह अपनी बकरियों के चारे की व्यवस्था करने खेत की तरफ गए थे। वहां वे एक पेड़ पर चढ़कर पत्तियां (लूंग) तोड़ रहे थे।

इसी दौरान अचानक पैर फिसलने अथवा डाल टूटने से उनका संतुलन बिगड़ गया और वे ऊंचाई से सीधे पथरीली जमीन पर आ गिरे। जमीन पर गिरने के कारण रामेश्वर सुवालका के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने तुरंत संभाला और आनन-फानन में उन्हें भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल (ख्न॥) पहुंचाया गया। अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात ड्यूटी डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली और परिजनों के बयान दर्ज किए। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया, जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराया गया। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से मृतक के घर का सहारा छिन गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

व्यंग्य - खुश करना नहीं, पुश करना जरूरी!

खेल की दुनिया भी बड़ी निराली है। यहां खिलाड़ी बल्ले से रन बनाते हैं और चयनकर्ता अपने फैसलों से सुर्खियां बटोरते हैं। कभी किसी खिलाड़ी को टीम से बाहर किया जाता है तो कभी किसी को लगातार मौके देकर भी उसका प्रदर्शन देखने की प्रतीक्षा की जाती है। मजे की बात यह है कि जब सवाल उठते हैं तो जवाब में सिद्धांतों की ऐसी झड़ी लगती है कि आलोचक भी सोच में पड़ जाते हैं।

आजकल अकड़वाली डायलॉगबाजी का जमाना है। अगर किसी ने जबर्दस्त आलोचना कर दी है तो भाई साहब अंदर तक चोट लग जाती है। चोट खाया वह इंसान यह सोचता है कि आज मैं ऐसा कोई डायलॉग दूं जिससे सब आलोचकों का मुंह बंद हो जाए। क्रि केट के मैदान में जितने दर्शक अंदर रहते हैं उससे कई गुना दर्शक बाहर देखते हैं। ऐसे में किसी खिलाड़ी का फॉर्म जबरदस्त चल रहा हो और उसका सिलेक्शन ना हो तब सोशल मीडिया पर तो आलोचनाओं की झमाझम बरसात हो जाती है। लंबे समय से आलोचकों का दंश झेल रहे एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति ने बड़ा नुकीला जवाब दे दिया। उन्होंने कहा-ञ्ज्मेरा काम सबको खुश रखना नहीं है, बल्कि सही फैसले लेना है।ञ्ज यानि सही पुश करना वे जरूरी समझते हैं। असल में कोई चोटिल होगा, किसी की तबीयत खराब होगी तो किसी की कोई घरेलू समस्या होगी; अवसर तभी तो दूसरे को मिल पाएगा। भइये बात तो यह भी सही है। आखिर जिम्मेदारी का मतलब ही है कि लोकप्रियता की चिंता छोड़कर निर्णय लिए जाएं। लेकिन सवाल यह है कि सही फैसला कौन तय करेगा? फैसला लेने वाला स्वयं या मैदान में प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी?

हमारे यहां प्रतिभा की कमी नहीं है। कमी है तो शायद प्रतिभा को पहचानने और उसे पर्याप्त अवसर देने की। किसी को एक-दो मैच में ही कसौटी पर कस दिया जाता है, तो किसी को लगातार असफलताओं के बाद भी उम्मीदों की ऑक्सीजन मिलती रहती है। चयन का तराजू भी कभी-कभी ऐसा दिखाई देता है, जिसमें प्रदर्शन से ज्यादा परिस्थितियों का वजन रखा जाता है। ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा, खिलाडियों का आत्मविश्वास और टीम का अनुशासन बेहद जरूरी हैं। मगर यह भी ध्यान रखना होगा कि अनुशासन के नाम पर सवाल पूछने की आजादी समाप्त न हो जाए। आलोचना को दुश्मनी समझना भी उचित नहीं है। वैसे लोकप्रियता के पीछे भागना गलत है, लेकिन जनता की भावनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज करना भी समझदारी नहीं। आखिर खेल जनता के लिए भी होता है, केवल फैसले लेने वालों की प्रतिष्ठा के लिए नहीं। अब देखना यह है कि आने वाले मुकाबलों में फैसले सही साबित होते हैं या फिर सही फैसलों को साबित करने के लिए नए-नए तर्क तलाशे जाते हैं। क्योंकि खेल में असली जवाब प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं, स्कोरबोर्ड देता है! खेल में जीत मिलती रहेगी तभी तो जिम्मेदारी की प्रीत भी मिलती रहेगी।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन / 2026/ — दिनांक : 03.11.2026

सार्वजनिक उजरदारी

एतद द्वारा श्री रमेश चन्द्र पुत्र श्री मोहन लाल राव द्वारा राजस्व ग्राम मलाण की आराजी सं. 1085 से 1095 गैर योजना में भूखण्ड संख्या कृषि भूखंड सं. बी-82 का भाग (सर्वे अनुसार भूखंड सं. 59/1) साइज 12.6x40=55.56 वर्ग गज दिनांक 07/06/2013 को नियमन कराया गया है।

भूखण्डधारी द्वारा पंजीयन करने हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड श्री रमेश चन्द्र पुत्र श्री मोहन लाल राव के नाम पंजीयन करने हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस भूखण्ड के पंजीयन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर / एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का पंजीयन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /2026/ — दिनांक 04-11-2026

सार्वजनिक उजरदारी

एतद द्वारा श्री कमलेश जैन पुत्र श्री सुखलाल जैन द्वारा राजस्व ग्राम हरणी खुर्द की आराजी सं. 95 गैर योजना में भूखण्ड संख्या सी-7 साईज 25x50 = 138.88 वर्ग गज दिनांक 23/06/2020 को नियमन कराया गया है।

भूखण्डधारी द्वारा पंजीयन करने हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त भूखण्ड श्री कमलेश जैन पुत्र श्री सुखलाल जैन के नाम पंजीयन करने हेतु सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस भूखण्ड के पंजीयन बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या सम्बन्धित को कोई उजर/एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या सम्बन्धित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का पंजीयन आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेषाधिकारी (भूमि)
प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक/नियमन / म्यूटेशन नं. 4387 — दिनांक / / 2026

आम सूचना

एतद द्वारा श्री सत्यनारायण धुपड़ पुत्र श्री लादु लाल धुपड़ द्वारा राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी संख्या 2428 गैर योजना में भूखण्ड संख्या 23/2428 साईज 20X32.6+33/2 = 72.78 वर्गगज का नियमन नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा द्वारा जारी किया गया। भूखण्डधारी श्री सत्यनारायण धुपड़ द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती दीपिका शर्मा पत्नी श्री राकेश शर्मा को विक्रय किया गया एवं इनके द्वारा श्रीमती चन्द्रकांता रांका पत्नी श्री पंकज रांका द्वारा श्रीमती शबनम पत्नी श्री शकील मोहम्मद शेख को विक्रय किया गया। श्रीमती शबनम पत्नी श्री शकील मोहम्मद शेख के द्वारा उक्त भूखण्ड नामान्तरण हेतु न्यास में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर / एतराज/आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/ दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी (नियमन)
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर पालिका, शाहपुरा जिला भीलवाड़ा (राज.)

E-Mail – mbshahpura.bhl@gmail.com Ph. 01484-222212

क्रमांक : स्टोर/नपाशा/26–27/216–20 — दिनांक : 27/10/2026

-:: Corrigendum ::-

नगर पालिका शाहपुरा द्वारा जारी ऑनलाईन निविदा सूचना 04/2026–27 क्रमांक स्टोर/ नपाशा/26–27/213–15 दिनांक 26.10.2026 जारी की गई थी। जिसमें ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाऊनलोड/प्राप्ति तिथि 02.11.2026 अंकित की गई जिसके स्थान पर 05.11.2026 प्रातः 11 बजे तथा निविदा शुल्क धरोहर/प्रोसेसिंग शुल्क जमा करवाने की दिनांक 03.11.2026 के स्थान पर 05.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से सायं 4:00 बजे तथा तकनिकी बिड वित्तीय बिड खोलने की तिथि 04.11.2026 के स्थान पर 06.11.2026 संशोधित की गई है। शेष सभी शर्ते यथावत रहेगी।

सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, शाहपुरा

Raj.Samwad/C/26/12875

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
P.H.E.D DN. CHOHTAN BARMER

E-mail eephedchohtan@rajasthan.gov.in

No: E.E/PHED/Chohtan/2026-27/ — Date: 26.10.2026

CORRIGENDUM NO 1 OF NIT No. 2026-27/13
Old RO NO 16905 Date: 30.09.2026

In the NIT No. 2026-27/13 (Annual rate contract for maintenance of work 3 phase tube Well/ open Well in JEn section under Chohtan Div Barmer. (NIB code PHE2627A2824 UBIN No. PHE2627WSOB05980, PHE2627WSOB05981, PHE2627WSOB05982 and PHE2627WSOB05983 corrigendum is being issued: Other particulars of the corrigendum may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and departmental website.

EXECUTIVE ENGINEER
PHED DIVISION CHOHTAN
BARMER

DIPR/C/18071/2026

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक :- तकनीकी/2026-27/2679 - 87 — दिनांक :- 28/10/2026

ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 22/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा में उपयुक्त श्रेणी में, विभिन्न विभागो में ए एवं एए श्रेणी (सिविल कार्यो) एवं विद्युत कार्यो हेतु नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा में उपयुक्त श्रेणी में एवं विभिन्न विभागों में ई.डब्ल्यू.एस.डी.–I कैटेगरी में पंजीबद्ध संवेदको/सप्लायर्स से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से वेब साईट https://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैं।

पार्ट	निविदा की क्र.सं.	ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड/प्राप्ति तिथि	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
A	01 से 08	30.10.2026 से 12.11.2026 प्रातः 9.30 से दोपहर 1.00 बजे तक। UBN : UTB2627WSOB00143 - 150	13.11.2026 को दोपहर 01:00 बजे

नोट :– निविदा सूचना से सम्बन्धित समस्त विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है जो कि आज दिनांक को अपलोड कर दिया गया है। संवेदक द्वारा न्यास कार्यालय में निविदा विक्रय तिथि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियंता
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

राज.संवाद/सी/26/12867

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांकः नियमन /FY26-27/MUT/4916 — दिनांक : 16.10.2026

आम सूचना

एतद द्वारा प्रकरण में राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी संख्या 1060 भूखण्ड संख्या ए–282/5 साईज 66.66 वर्गगज का ऑफ लाईन क्रमांक नियमन/2019/7598 न्यास द्वारा श्री जगदीश चन्द्र शर्मा पिता श्री बालूलाल शर्मा के हक में दिनांक 17.10.2019 को नामान्तरण किया गया।

नामान्तरणधारी श्री जगदीश चन्द्र शर्मा पिता श्री बालूलाल शर्मा
ने विक्रय किया
श्री घनश्याम जैन पिता श्री रामस्वरुप जैन
ने विक्रय किया
श्रीमती चन्द्रकांता पत्नी श्री जगदीश चन्द्र स्वर्णकार
ने विक्रय किया
श्री अर्जुन कुमार सोनी पिता श्री जगदीश चन्द्र

श्री अर्जुन कुमार सोनी पिता श्री जगदीश चन्द्र के द्वारा उक्त भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति या संबंधित को कोई उजर /एतराज / आपत्ति हो तो विज्ञापन दिनांक से सात दिवस में अपनी आपत्ति मय सबूत/दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद यदि किसी व्यक्ति या संबंधित द्वारा कोई आपत्ति प्रस्तुत की जाती है तो स्वीकार नहीं की जावेगी तथा भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में निर्विवाद मानते हुए कर दिया जावेगा तथा न्यास बाद में होने वाले किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

MAHARAN PRATAP GOVERNMENT MEDICAL COOLEGE PALI (RAJ)
महाराणा प्रताप राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय पाली (राज.)

कार्यालय महाराणा प्रताप राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पाली में Rate Contract for supply of Man Power (Peramedical Staff & Other) हेतु पंजीकृत व अनुभवी बोलीदाता/संवेदक से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाइट http:\\sppp.rajasthan.gov.in व https://eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन व देखा जा सकती है।

NIB No.	UBN No.	Tender Cost	EMD (2%)	Bid Cost (Rs.)	EPROC Fee (Rs)	Completion Period
MES2627 A0103	MES2627 SLRC00127	30000000.00	600000.00	2000.00	2000.00	12 Months

The Schedule of dates is as follows

S.No.	Schedule	Date	Time
1	Publishing Date	29.10.2026	05.00 PM
2	Document Download Start date	29.10.2026	06.00 AM
3	Pre Bid Meeting	02.11.2026	12.30 PM
4	Bid Submission Start Date	02.11.2026	05.00 PM
5	Document Download Date	12.11.2026	01.00 PM
6	Bid Submission End Date	12.11.2026	04.00 PM
7	Technical Bid Opening Date	13.11.2026	12.00 PM
8	Financial Bid Opening Bid	Will be intimated later to the TechnicallyQualified bidder	

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
DIPR/C/18203/2026 — महाराणा प्रताप राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय पाली